परिपत्र

कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009

OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS

No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं./No.AN/II/5511/Leave/2016 **दिनांक/Dated: 20.09.2016**

सेवा में,

(1) प्रभारी व.ले.अ. (प्रशा)
क्षे.ले.का. (थलसेना)/आं.ले.प.का. (एम.ई.एस)
विशाखापट्टणम् ।

(2) सभी व.ले.अ./ले.अ., जी.ई.,
सिकंदराबाद/विशाखापट्टणम्

(3) सभी व.ले.अ./ले.अ
मुख्य कार्यालय/स्था.ले.प.का/आ.ले.प.का., सिकंदराबाद

विषय : छुट्टी के लिए आवेदन की प्रस्तुती - के संबंध में ।

संदर्भ : इस कार्यालय का दिनांक 04.02.2016 का परिपत्र सं. AN-II/5511/Leave/2016

****

कृपया इस कार्यालय द्वारा जारी दिनांक 04.02.2016 के परिपत्र का अवलोकन करें जिसमें व.ले.अ./ले.अ., जी.ई. कार्यालयों द्वारा छुट्टी के आवेदन के प्रस्तुतीकरण की विधि का विस्तार से वर्णन किया गया था । तथापि, यह पाया गया है कि मुख्यालय के संदर्भाधीन परिपत्र के बावजूद, व.ले.अ./ले.अ. द्वारा बहुत ही अनियत तरीके से छुट्टी का आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है अर्थात् छुट्टी की समाप्ति पर छुट्टी का आवेदन प्रेषित करना, बिना सूचना की अनुपस्थिति और बिल्कुल ही अंतिम समय पर अर्जित/आकस्मिक छुट्टी के आवेदन का प्रस्तुतीकरण, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा बहुत ही गंभीरता से लिया गया है ।

उपरोक्त को देखते हुए, यह पुन: दोहराया जाता है कि व.ले.अ./ले.अ., जी.ई., अपनी छुट्टी का आवेदन अर्जित छुट्टी / आकस्मिक छुट्टी के निर्धारित फार्मेट में और पर्याप्त समय-पूर्व प्रस्तुत करें तथा साथ ही उस छुट्टी की अवधि के दौरान छुट्टी के श्रंखला अधिकारी की उपस्थिति की भी पुष्टि करें ।

आगे व.ले.अ./ले.अ., जी.ई., से अनुरोध है कि छुट्टी पर जाने से पहले अपनी छुट्टी की मंज़ूरी संबंधी जानकारी प्राप्त कर लें । तथापि, किन्हीं अनपेक्षित परिस्थितियों के कारण यदि अधिकारी कार्यालय में उपस्थित न हों पाएं तो वे इसकी सूचना ग्रूप अधिकारी (प्रशा)/संबंधित ग्रूप अधिकारी को अवश्य दे दें ।

कृपया पावती दें ।

हस्ता/-
(बी. बाल जवाहर)
रक्षा लेखा उप-नियंत्रक (प्रशा)